REYANSH SOLUTIONS

Presents




उनका सम्मान जिन्होंने अंधेरों में रास्ते तलाशे और रोशनी की मिसाल बन गए...

# बाँदा गौरव सम्मान

संघर्ष से सफलता...

2025





## परिचय (Award Introduction)

बाँदा
गौरव
सम्मान
संघर्ष से सफलता...
2025

बुंदेलखण्ड के जनपद बाँदा की धरती ऐतिहासिक धरोहर के साथ-साथ संघर्षशील व्यक्तित्व की भूमि है। यहाँ के लोगों ने विषम परिस्थितियों, सीमित संसाधनों और सामाजिक चुनौतियों के बीच अपनी लगन और मेहनत से सफलता की नयी कहानी लिखी है, वह किसी मिसाल से कम नहीं। ऐसी ही सफलता की गाथा के रचयिताओं को सम्मानित किया जा रहा है।

बाँदा

'बाँदा गौरव सम्मान - संघर्ष से सफलता' एक ऐसा प्रयास है, जो उन नायकों को मंच दे रहा है, जिन्होंने अपने संघर्ष की किरणों से समाज को रोशन किया है। ऐसा करने वाले चाहे वे शिक्षक, किसान, कलाकार, पत्रकार, डॉक्टर, खिलाड़ी, समाजसेवी या कोई अन्य।

सम्मान का उद्देश्य है :

- संघर्ष से सफलता की यात्रा को सार्वजनिक रूप से पहचान देना
- स्थानीय प्रेरणादायक व्यक्तित्वों / संस्थानों को प्रोत्साहित करना
- युवा पीढ़ी को प्रेरित करना कि बिना मेहनत के सफलता सम्भव नहीं है
- बुंदेलखण्ड के जनपद बाँदा को राष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत करना

यह सम्मान सिर्फ पुरस्कार नहीं, बल्कि संघर्ष और प्रेरणा की एक ऐसी पहचान है, जो यह सिद्ध करता है कि 'छोटे जनपदों की कहानियाँ भी बड़ी हो सकती हैं।'

"संघर्ष से निकली हर किरण,
प्रेरणा बनकर समाज को आलोकित करती है
आइए, उन किरणों को सम्मानित करें।"



बाँदा गौरव सम्मान - संघर्ष से सफलता कार्यक्रम में पारदर्शिता, निष्पक्षता और गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु एक अनुभवी एवं प्रतिष्ठित निर्णायक समिति का गठन किया गया है। यह समिति सभी नामांकनों की गहन समीक्षा कर, संघर्ष, सामाजिक योगदान और प्रमाणिकता के आधार पर योग्य प्रतिभाओं का चयन करेगी।

# निर्णायक मण्डल के सम्मानित सदस्य

## निर्णायक मंडल



### पद्मश्री उमाशंकर पाण्डेय

राष्ट्रपति पुरस्कार चयनित समिति के सदस्य। भूजल संरक्षण और पर्यावरण सुधार में उल्लेखनीय योगदान। 2005 में प्रारंभ किया गया उनका अभियान ''खेत में मेड़, मेड़ पर पेड़'' आज एक जनांदोलन बन चुका है।



### डॉ.हीरा लाल (I.A.S.)

बाँदा के पूर्व जिलाधिकारी एवं प्रेरक प्रशासनिक अधिकारी जिन्होंने उत्तर प्रदेश के कई जिलों में अपनी सेवा के दौरान नवाचार, सुशासन और जन-संवाद को नया आयाम दिया। आमजन से सीधा संवाद और व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए चर्चित।



### युवराज सिंह

हमीरपुर सदर से दो बार विधायक और एक बार बाँदा-हमीरपुर से एम.एल.सी. रहे। सामाजिक सरोकारों, शिक्षा और क्षेत्रीय विकास में सक्रिय भूमिका निभाने वाले जनप्रतिनिधि।



### डॉ. एन. के. बाजपेयी

निदेशक प्रसार
(बाँदा कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, बाँदा)

कृषि शिक्षा, अनुसंधान और तकनीकी नवाचार के क्षेत्र में विशेष योगदान। ग्रामीण विकास और किसानों के लिए प्रशिक्षण व समाधान देने में अग्रणी।



### अशोक त्रिपाठी 'जीतू'

वरिष्ठ वकील, राजनेता एवं सामाजिक कार्यकर्ता, सामाजिक चेतना और जनहित के मामलों में सक्रिय हस्तक्षेप रखने वाले प्रभावशाली व्यक्तित्व। कानून, जनसंघर्ष और समाजसेवा के क्षेत्रों में उनका गहरा अनुभव उन्हें जनपक्षधर नेतृत्वकर्ता बनाता है।



### सुधीर निगम

पत्रकारिता जगत में 50 वर्षों से सक्रिय, बुंदेलखंड विशेषकर बांदा की जनभावनाओं और जमीनी सच्चाइयों की आवाज बने रहे हैं। उनकी लेखनी, विश्लेषण क्षमता और सत्यनिष्ठ कार्यशैली ने पत्रकारिता को विश्वसनीयता और सामाजिक सरोकार का मजबूत आधार दिया है।



### डॉ. शबाना रफीक

स्वास्थ्य क्षेत्र में डॉक्टर होने के साथ-साथ महिलाओं के सशक्तिकरण, स्वास्थ्य जागरुकता और सामाजिक उत्थान में सक्रिय योगदान दे रही हैं। उनकी पहचान एक संवेदनशील शिक्षाविद एवं जागरुक समाजसेवी के रूप में है, जो शिक्षित समाज की सशक्त आधारशिला का निर्माण कर रही हैं।



### प्रो. दीपाली गुप्ता

प्राचार्या
राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बांदा।

अंग्रेज़ी साहित्य की विदुषी एवं अनुभवी शिक्षाविद् हैं। छात्राओं के शैक्षणिक एवं व्यक्तित्व विकास के लिए सतत कार्यरत हैं। शिक्षा में गुणवत्ता और नवाचार को बढ़ावा देना उनका प्रमुख लक्ष्य है।



किसी भी कार्यक्रम की प्रथम अवस्था उसके विचार रूपी बीज के रूप में होती है। तद्पश्चात वह धीरे-धीरे आकार लेता है, इस सम्पूर्ण प्रक्रिया के लिए सलाहकार समिति का गठन किया गया है। यह समिति बाँदा गौरव सम्मान - संघर्ष से सफलता कार्यक्रम के लिए आवश्यक रूपरेखा बनाकर उसके क्रियानवयन को सुनिश्चित करती है।

# सलाहकार मण्डल के सम्मानित सदस्य

## संरक्षक सदस्य



### डॉ. चँद्रिका प्रसाद दीक्षित 'ललित'

बुंदेलखझड के प्रसिद्ध साहित्यकार, हिंदी के कवि और शिक्षाविद् है, जिनकी रचनाओं में राष्ट्रभक्ति, मानवीय मूल्य और सामाजिक जागरुकता की गहरी छाप मिलती है। उन्हें साहित्यिक योगदान के लिए कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।


## सलाहकार समिति




**प्रवीण गुप्ता**
P.C.S.
ज्वाइंट कमिश्नर



**राम जी निगम**
संरक्षक, बुन्देलखण्ड न्यूज़




**शिवम निगम**
डी.एफ.सी. (रेल मंत्रालय)




**सचिन चतुर्वेदी**
प्रधान सम्पादक, बुन्देलखण्ड न्यूज़



**रिषीराज सिंह**
युवा नेता




**पंकज कुमार गुप्ता**
उद्यमी



**नवीन निगम**
समाजसेवी




**नरेन्द्र सिंह**
व्यवसायी




**प्रसून श्रीवास्तव**
लेखाकार



**निखिल सक्सेना**
समाजसेवी



**अभिषेक सिंह**
शिक्षक



**रोहित निगम**
साफ्टवेयर डेवलपमेंट मैनेजर

बाँदा
# गौरव सम्मान
संघर्ष से सफलता...

2025

## सम्मान की श्रेणियाँ

### व्यक्तिगत श्रेणियाँ
(Individual Awards)

### संस्थागत श्रेणियाँ
(Institutional  Awards)

**नामांकन के लिए लॉगिन करें**

**gauravsamman.reyanshsolutions.in**

बाँदा गौरव सम्मान
संघर्ष से सफलता...
2025



# व्यक्तिगत श्रेणियाँ
## (Individual Awards)

### 1 सामाजिक सेवा सम्मान

उन व्यक्तियों को जिन्होंने समाज के वंचित वर्गों, महिलाओं, बच्चों, दिव्यांगों, पर्यावरण आदि के लिए सतत् संघर्ष और सेवा की हो।

### 2 शिक्षा प्रेरणा सम्मान

ऐसे शिक्षक/शिक्षिका या व्यक्ति, जिन्होंने सीमित संसाधनों के बावजूद शिक्षा का दीप जलाया और समाज में बदलाव की मिसाल पेश की।

### 3 स्वास्थ्य सेवा सम्मान

डॉक्टर, नर्स या स्वास्थ्य कार्यकर्ता, जिन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी जनसेवा को प्राथमिकता दी और मानवता की सेवा की।

### 4 कला-संस्कृति व साहित्य सम्मान

लोक कलाकार, लेखक, कवि या ऐसे लोग जो बुंदेली संस्कृति, भाषा और साहित्य को संरक्षित व प्रचारित कर रहे हैं।

### 5 पत्रकारिता एवं मीडिया सम्मान

सत्य, साहस, संघर्ष और निष्पक्षता के साथ पत्रकारिता करने वाले पत्रकार या मीडिया प्रतिनिधि।

### 6 महिला शक्ति सम्मान

ऐसी महिलाएँ जिन्होंने समाज, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, नेतृत्व या अन्य क्षेत्रों में विशेष योगदान दिया हो।

बाँदा गौरव सम्मान
संघर्ष से सफलता...
2025

## 7 युवा प्रेरणा पुरस्कार

16 से 35 वर्ष की आयु के ऐसे युवा जिन्होंने शिक्षा, खेल, स्टार्टअप, सामाजिक कार्य या नवाचार में संघर्ष कर उपलब्धि हासिल की हो।

## 8 खेल प्रतिभा सम्मान

ऐसे खिलाड़ी जिन्होंने जिला, राज्य या राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया हो और संघर्षपूर्ण पृष्ठभूमि से आए हों।

## 9 किसान प्रगति सम्मान

ऐसे किसान जिन्होंने जैविक खेती, तकनीकी नवाचार या प्रेरक कृषि मॉडल के माध्यम से क्षेत्र को दिशा दी हो।

## 10 उद्यमिता/स्वरोजगार सम्मान

संघर्ष से अपना व्यवसाय खड़ा करने वाले व्यक्ति जिन्होंने स्वरोजगार की प्रेरणा दी हो और रोजगार के अवसर भी बनाए हों।

## 11 विशेष संघर्ष सम्मान

ऐसे लोग जिन्होंने शारीरिक, मानसिक, सामाजिक या आर्थिक चुनौतियों को पार कर जीवन में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की हो।

## 12 बुंदेलखंड गौरव सम्मान (विशेष श्रेणी)

बाँदा या बुंदेलखंड क्षेत्र से ऐसा व्यक्तित्व जिसने राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्षेत्र का नाम रोशन किया हो।

बाँदा गौरव सम्मान
संघर्ष से सफलता...
2025

# संस्थागत श्रेणियाँ
# (Institutional Awards)

## 13 उत्कृष्ट शिक्षण संस्था सम्मान

ऐसे स्कूल, कॉलेज या शिक्षण संस्था जिसने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन, सामाजिक चेतना और नवाचार के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान दिया हो।

## 14 प्रेरक स्वास्थ्य संस्थान सम्मान

ऐसे अस्पताल या स्वास्थ्य सेवा संस्थान जिन्होंने मरीजों को समर्पित सेवा, स्वच्छता, नैतिक चिकित्सा और जनहित के क्षेत्र में उत्कृष्टता दिखाई हो।

## 15 अतिथि सेवा गौरव सम्मान

ऐसे होटल, लॉज, रेस्टोरेंट या हॉस्पिटैलिटी यूनिट जिन्होंने सेवा, स्वच्छता, पर्यटक सुविधा और व्यवहार में अनुकरणीय कार्य किया हो।

## 16 सामाजिक संस्था सम्मान

एन.जी.ओ. या सामाजिक संगठन जो शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण, बाल कल्याण या अन्य समाजसेवी क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहे हों।

## 17 उद्यम प्रेरणा संस्था सम्मान

ऐसे स्टार्टअप, उद्योग या संस्थान जो नवाचार, रोजगार निर्माण या आर्थिक विकास के क्षेत्र में प्रेरक भूमिका निभा रहे हों।

## 18 तकनीकी नवाचार संस्था सम्मान

ऐसी संस्था जो डिजिटल तकनीक, नवाचार, ऑटोमेशन, स्मार्ट सॉल्यूशन्स या ग्रामीण तकनीकी विकास में कार्यरत हो और समाज को लाभ पहुँचा रही हो।

## 19 सोशल मीडिया प्रभाव सम्मान (Social Media Impact Award)

ऐसे यूट्यूबर, इंस्टाग्रामर, फेसबुक क्रिएटर या डिजिटल कंटेंट मेकर जो सामाजिक सरोकार, शिक्षा, जागरुकता, हास्य, प्रेरणा या संस्कृति को सकारात्मक रूप से प्रस्तुत कर रहे हों।

चयन के आधार :

- ऑरिजिनल कंटेंट
- सकारात्मक प्रभाव
- फॉलोअर्स / व्यूज के साथ सामाजिक योगदान
- क्षेत्रीय पहचान

## 20 मनोरंजन व प्रस्तुति कला सम्मान (Entertainment & Performing Arts Award)

ऐसे कलाकार जो संगीत, अभिनय, नृत्य, मंच प्रस्तुति, स्टेज शो या किसी भी प्रकार की परफॉर्मिंग आर्ट में संघर्ष से सफलता तक पहुँचे हों।

चयन के आधार :

- प्रस्तुति की गुणवत्ता
- संघर्षपूर्ण पृष्ठभूमि
- सांस्कृतिक व सामाजिक प्रभाव
- स्थानीय या व्यापक पहचान



# महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश



1. सभी श्रेणियों के लिए नामांकन की अंतिम तिथि, नियम एवं शर्तें आयोजन समिति द्वारा निर्धारित वेबसाइट व नामांकन फॉर्म पर स्पष्ट रूप से उपलब्ध हैं। कृपया ध्यानपूर्वक पढ़ें।
2. प्रत्येक श्रेणी में केवल एक व्यक्ति या संस्था को सम्मानित किया जाएगा। (विशेष परिस्थिति में निर्णायक मंडल की अनुशंसा पर एक से अधिक को भी चयनित किया जा सकता है।)
3. चयन पूर्णतया निर्णायक मंडल के विवेक, उपलब्ध दस्तावेज, संघर्ष, सामाजिक प्रभाव व योगदान के आधार पर किया जाएगा।
4. चयन प्रक्रिया के उपरांत किसी प्रकार का दावा, आपत्ति या कानूनी अधिकार नहीं मान्य होगा। चयन से संबंधित अंतिम निर्णय आयोजक मण्डल एवं निर्णायक समिति का होगा, जो सभी पर बाध्यकारी होगा।
5. सम्मान स्वरूप प्रत्येक चयनित प्रतिभागी / संस्था को प्रशस्ति पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान की जाएगी।
6. केवल पूर्ण एवं प्रमाणित दस्तावेजों के आधार पर ही नामांकन स्वीकार किया जाएगा। कृपया आवेदन से पहले सुनिश्चित करें कि आपके द्वारा संलग्न सभी दस्तावेज स्पष्ट, सत्य एवं अद्यतन हैं।
7. आप एक से अधिक श्रेणियों में नामांकन कर सकते हैं, लेकिन प्रत्येक श्रेणी के लिए अलग विवरण, प्रमाण और दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
8. नामांकन के लिए अपेक्षित दस्तावेज :
    - नामांकित व्यक्ति / संस्था का संक्षिप्त परिचय (100-200 शब्द)
    - संघर्ष व उपलब्धियों का विवरण (300-500 शब्द या वीडियो लिंक)
    - पहचान पत्र (आधार / मतदाता पहचान पत्र / संस्था का पंजीकरण आदि)
    - प्रमाण-पत्र, प्रकाशित समाचारों की छाया चित्र, फोटो, पत्र आदि जो आपके कार्यो को प्रमाणित करता हो।
    - नामांकित करने वाले व्यक्ति / संस्था का नाम व संपर्क विवरण
    - नामांकित व्यक्ति की एक पासपोर्ट साइज फोटो
9. आयोजक समिति को यह अधिकार है कि वह किसी भी समय नियमों में संशोधन करे या कार्यक्रम की तिथि / स्थान में परिवर्तन करे।
10. किसी प्रकार की गलत जानकारी, झूठे दस्तावेज या अनुशासनहीनता पाए जाने पर नामांकन स्वतः निरस्त किया जा सकता है।
11. प्रतिभागी द्वारा भेजे गए सभी दस्तावेज समिति के पास सुरक्षित रहेंगे और वापसी योग्य नहीं होंगे।

## आयोजक



रेयांश सॅल्यूशंस, बाँदा
श्री शोभित निगम (C.T.O.)

बाँदा अर्बन को–ऑपरेटिव बैंक, बाँदा
डॉ. दिनेश दीक्षित, महाप्रबन्धक

बुन्देलखण्ड चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज, झाँसी
श्री धीरज खुल्लर, अध्यक्ष

## मीडिया पार्टनर

बुन्देलखण्ड NEWS

"हर बड़ी सफलता के पीछे
एक अनसुनी संघर्ष की कहानी होती है...
और अब वो कहानी सुनी जाएगी"

बाँदा गौरव सम्मान
संघर्ष से सफलता...
2025

**रविवार, 16 नवम्बर 2025**

**जय माँ शारदा पैलेस**

बबेरू रोड, बाँदा

9628393825, 9695824123, 9598064085

gauravsamman.reyanshsolutions.in